हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024

11 ,रयास संगठन का बुक बैंक चार वर्षों से जरूरतमंद ...


12 पेंटिंग प्रतियोगिता में ग्रुप-1 से प्रिया व ग्रुप-2 में ...


A SCHOOL OF COMPETITION
I.V.M. HIGH SCHOOL
RUN BY :
रवि इंडियन कोचिंग स्कूल

Area's No. 1 Coaching School
कोचिंग
- मिलिट्री स्कूल
- राई स्पोर्ट्स स्कूल
- सैनिक स्कूल
- R.I.M.C. देहरादून
- नवोदय स्कूल
- गुरूकुल कुरुक्षेत्र
उत्तरी भारत में सबसे ज्यादा सैनिक स्कूल और मिलिट्री स्कूल में परिणाम देने वाला संस्थान जो पिछले 19 सालों में 1450+ सिलेक्शन दिए हैं।
ADMISSION OPEN 2024-25

निदेशक, रविंद्र वशिष्ठ
डा. अशोक अल्ट्रासाउंड वाली गली, लोहारु रोड, एमसी कालोनी, चरखी दादरी Mob. : 9728137800, 9416936151 Office : 01250-225800
E-mail : ravindersharmaics@gmail.com
Website : raviindianacademy.com

## खबर संक्षेप

### बाल भवन में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस का आयोजन

**भिवानी।** बाल भवन स्कूल में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस का आयोजन किया। सर्वप्रथम माता सरस्वती के सम्मुख उपप्राचार्य सागरिका व निर्णायक मंडल सदस्या अलका व दीप्ति ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मंच संचालिका अंजू ने बताया कि प्रतियोगिता चार चरणों में हुई। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से भारत की पूर्व से पश्चिम व उत्तर से दक्षिण भारत की नृत्य कला को प्रदर्शित कर सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### प्रजापति शिक्षण संस्थान के लिए भूमि पूजन दो को

**भिवानी।** महाराजा दक्ष प्रजापति ने लोगों को शांति एवं अहिंसा का मार्ग दिखाते हुए उन्हें एकजुटता की ताकत बताई थी, ऐसे में महाराजा दक्ष प्रजापति के जीवन आदर्श से विद्यार्थियों को रूबरू करवाना बहुत जरूरी है, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकें। इसी सोच के साथ प्रजापति धर्मशाला कुरूक्षेत्र द्वारा शिक्षण संस्थान के लिए कुरूक्षेत्र के पिंडारसी रेलवे स्टेशन के पास खरीदी भूमि पर हवन एवं भूमि पूजन दो मई को किया जाएगा।

### मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण शिविर 13 से



**भिवानी।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण शिविर में मौजूद महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** देश की तरक्की में युवाओं की अहम भूमिका होती है, जब तक युवा सक्षम नहीं होगा, देश की तरक्की की कल्पना नहीं की जा सकती है तथा युवाओं को सक्षम बनाने के लिए जरूरी है कि पहले उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति देने के उद्देश्य से गांव पालुवास स्थित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 13 मई से मशरूम उत्पादन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### पीओ और एपीओ की चुनाव ट्रेनिंग आज से

**चरखी दादरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने लोकसभा आम चुनाव के लिए जिलों के पीठासीन मतदान अधिकारियों की ट्रेनिंग का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिसके अनुसार कल से पायलेट रिहर्सल का पहल चरण शुरू होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्धारित ट्रेनिंग कार्यक्रम अनुसार बाढ़ड़ा और दादरी विस क्षेत्र के अंतर्गत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की ट्रेनिंग 1 व 2 मई को जनता कॉलेज के सभागार में दो चरणों में होगी।

# आधा पानी मिलने के बाद गड़बड़ाया नहरों का गणित

## मिताथल फीडर को किया बंद, मांग के अनुरूप नहीं मिल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

यमुना में पानी कम का असर जिले की नहरों पर पड़ा है। मांग के अनुरूप पानी न मिलने की वजह से भिवानी जिले की नहरों में पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया है। पानी की कमी के चलते सिंचाई विभाग को मजबूरन मिताथल फीडर को बंद करना पड़ा। हालांकि सुंदर व जुई फीडर पर पड़ने वाले जलघरों में पानी पहुंचने की उम्मीद है,लेकिन मिताथल फीडर में पानी न पहुंचने से उस पर पड़ने वाले जलघरों के खाली रहने के आसार बन गए है। फिलहाल सिंचाई विभाग ने नहरों में पूरा पानी छोड़े जाने के लिए मुख्यालय पर सम्पर्क साधना आरंभ कर दिया है। मंगलवार सुबह तक पानी पूरा होने की उम्मीद है।

सिंचाई विभाग ने सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी, जुई व मिताथल फीडर के लिए करीब साढे 22 सौ क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग की थी। यमुना में मात्र तीन हजार क्यूसेक पानी होने की वजह से पूरा पानी नहीं मिल पाया। सोमवार सुबह तक भाखड़ा का भी कम ही पानी मिल रहा था। जिसकी वजह से भिवानी की नहरों के लिए मात्र साढे 12 सौ क्यूसेक ही पानी मिल पाया। जिसके चलते सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में 616 क्यूसेक तथा जुई फीडर में सवा छह सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। फिलहाल पानी की कमी के चलते सिंचाई विभाग ने मिताथल फीडर को बंद कर दिया है। अब यमुना में पानी पूरा होने के बाद ही जिले की नहरों में पर्याप्त पानी मिल पाएगा। उसके बाद ही मिताथल व निगाना फीडर में पानी छोड़ा जाएगा। फिलहाल दोनों नहरों को बंद किया है।



**भिवानी।** जुई नहर में आता पानी का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### जलघरों में पानी पहुंचने की उम्मीद

नहरी पानी पहुंचने के बाद अब पीने के पानी की राशनिंग से छुटकारा मिलने की संभावना बन गई है। क्योंकि भिवानी शहर ही नहीं जिले के अनेक कस्बे व अधिकांश गांवों में पीने का पानी पूरी तरह से खत्म हो गया। जलघरों में लगे टयूबवैलों के जरिए ही गांवों में पीने के पानी की सप्लाई की जा रही है। जो कि पीने लायक नहीं है। मजबूरन लोगों को इसी तरह के पानी का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। अब नहरी पानी पहुंच गया तो कल सुबह तक जलघरों तक पानी पहुंच जाएगा और पीने के पानी की राशनिंग से छुटकारा मिल जाएगा।

### कचरे ने फुलाई नहरों की सांस

कई दिनों के अंतराल के बाद नहरों पानी पहुंचा। हालांकि नहरी पानी कम है,लेकिन कम पानी के भी कचरे ने कदम रोक दिए। अनेक जगहों पर फसलों का कचरा, पेड़ों से टूट कर गिरने वाली टहनियां माइनर व नहरों में गिरी है। जो कि पानी आते ही पानी के साथ बहने लगी है। कुछ दूरी पर पहुंचने के बाद पुल व अन्य जगहों पर कचरा फंस रहा है। जिसके चलते पानी का बहाव पूरी तरह से अवरूद्ध हो रहा है। बताते है कि बवानीखेड़ा से निकलने के बाद सुंदर नहर में एक पुल में कचरा फंस गया। जिसकी वजह से नहर ओवरफलो भी हो गई। गनीमत यह रही कि वहां पर सड़क पर एक पापलेंड मशीन कार्य कर रही थी। जिसकी मदद से नहर से कचरा निकाला और नहर को टूटने से बचाया जा सका। माइनर व नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचने तक सिंचाई विभाग के कर्मचारियों के हाथ व पैर फूले रहे।

# तोशामवासियों ने जमीन की पैमाइश करवाने को सरपंच को सौंपा ज्ञापन



**भिवानी।** विद्यालय की जमीन का कब्जा छुड़वाने को सरपंच को ज्ञापन सौंपते तोशामवासी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

वीर शहीद ईश्वर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय की जमीन का कब्जा छुड़वाने के लिए कुछ तोशाम के निवासियों ने सोमवार को सर्वसमिति से फैसला किया कि विद्यालय की जमीन की मशीन से पैमाइश करवाकर विद्यालय की जगह शीघ्र अति शीघ्र खाली करवाई जाए, जिसके लिए उन्होंने तोशाम के सरपंच राजेश तंवर को मौके पर बुलाकर ज्ञापन सौंपा।

वीर शहीद ईश्वर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय के उत्तर की तरफ जो विद्यालय की जगह है, वहां रास्ते को लेकर पिछले काफी समय से विवाद है। सोमवार को तोशाम के कुछ ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में बैठक की और सर्वसम्मति से फैसला लिया कि विद्यालय की जगह की दोबारा मशीन से पैमाइश करवा कर जगह अति शीघ्र खाली करवाई जाए। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने तोशाम के सरपंच राजेश तंवर को मौके पर बुलाया और ज्ञापन सरपंच को सौंपा। इस मौके पर जगदीश, महिपाल, मोतीराम, महेंद्रसिंह, हवासिंह, पूर्व पंच करतार, उमेद सिंह, रामकुमार, राजपाल, संजय नाफरिया, मास्टर अश्वनी महता, विकास सिंगला, गजेश सांगवान, सुभाष कक्कड़, नरेंद्र नंबरदार मौजूद थे।

### विद्यार्थियों ने मतदान की ली शपथ, जागरुकता रैली निकाली



**भिवानी।** पंडित सीताराम शास्त्री बीएड प्रशिक्षण महाविद्यालय में एनएसएस कैंप के छठे दिन प्राचार्य डॉ. विकास शर्मा की अध्यक्षता में प्रातः कालीन सत्र में मतदाता शपथ एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया,जिसके माध्यम से स्वयंसेवकों ने लोगों के मतदान के बारे में जागरूक किया। सांयकालीन सत्र में राजेंद्र कुमार अधिवक्ता रेडक्रॉस सोसायटी चरखी द्वादरी द्वारा वाईआरसी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें प्राथमिक सहायता के बारे में चर्चा की। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी के वाईआरसी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिक सहायता के बारे में चर्चा की और दुर्घटनास्थल पर रोगी के शारीरिक एवं मानसिक रूप से सहायता करने के बारे में बताया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. शिवशंकर भारद्वाज, सचिव डॉ. रवि भीष्म, सत्यनारायण, संस्था प्रशासक श्रीभगवान वशिष्ठ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# मंडी से सरसों के कट्टे चोरी करने मामले में एसपी को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डाबर कॉलोनी निवासी पुष्पा पत्नी मुकेश व हालुवास गेट निवासी हरीश पुत्र चन्द्रपाल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर शिकायत सौंपी और गत 25 अप्रैल की रात को चारा मंडी से सरसों चोरी की घटना की निष्पक्ष एवं पूर्णरूप जांच करवाने, मुख्य आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाई करने व निर्दोष बच्चों पर बनाए झुठे मुकदमें वापस लिए जाने की मांग की। गिरफ्तार किए गए बच्चों के अभिभावकों ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि 27 अप्रैल को उनके पास अनाजमंडी पुलिस चौकी से फोन आया और बताया कि उनके तीन बच्चों ने 25 अप्रैल की रात को चारा मंडी से सरसों के कट्टे चोरी किए हैं, जिनकी सीसीटीवी फुटेज आई हुई है। तीनों आरोपी गाड़ी में थे। उन्होंने बताया कि जब पुलिस ने उन्हें बुलाया तो उन्होंने बच्चे पेश कर दिए, जबकि उनका कोई कसूर नहीं था, उन्हें तो गाड़ी चलानी भी नहीं आती। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के पीछे किसी और का हाथ है। उन्होंने एसपी से मांग की कि सरसों की चोरी की घटना की पूर्णरूप एवं निष्पक्ष जांच करवाई जाए, घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी व उसके सहयोगियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।



**भिवानी।** एसपी से मिलने जाते गिरफ्तार किए गए बच्चों के अभिभावक।

# स्वीप टीम ने मतदान के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

स्वीप टीम द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता करवाने के लिए लगातार फील्ड में पहुंचकर जागरूक किया जा रहा है। उपायुक्त मनदीप कौर के मार्गदर्शन व निर्देशानुसार पूरे जिले के दोनों विधानसभाओं में ग्रामीण, शहरी व कस्बाई क्षेत्र में टीम पहुंच रही है।

नुक्कड सभाओं, जनसंपर्क करते हुए सभी से आगामी लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदान की अपील की जा रही है। स्वीप टीम का यही प्रयास है कि दादरी जिले के अधिकतर क्षेत्रों में शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक व प्रेरित किया जाए। इसके साथ साथ ही शिक्षण संस्थानों व सामाजिक संस्थाओं में भी अधिकारी पहुंच कर सभी को यही अपील कर रहे है कि सब मिलकर नागरिकों को इस दिशा में जागरूक करे जिससे कि वो अपने वोट के अधिकार का प्रयोग अवश्य करे। इसी कड़ी में नोडल अधिकारी बीईओ जलकरण की अगुवाई में टीम विभिन्न स्थानों कारी धारणी, कारी रूपा व चांदवास के एवरग्रीन स्कूल में पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों के साथ जनसंपर्क किया गया। उनके साथ बैठक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों, स्कूल स्टाफ, ग्रामीणों सहित सभी को अधिक से अधिक वोट करने का संकल्प करवाया। टीम सदस्य मास्टर सुंदरपाल फौगाट ने कहा कि सबसे पहले करो मतदान, बाकी छोड़कर अन्य काम को हमें आगामी 25 मई को पूरी तरह से साबित करना है। वोटिंग वाले दिन जिस नागरिक का वोट बन चुका, वो अपने घरों से निकलकर मतदान जरूर करे, जिससे कि हम अपने जनप्रतिनिधित्व को संसद में अपनी पसंद के अनुसार भेज सके। इस अवसर पर प्रीतम प्रिंसिपल डॉ. मनोज, ईश्वर सिंह पिलानिया, सरपंच कारीरूपा शीला देवी, सतवीर आदि थे।



**भिवानी।** ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करती स्वीप टीम।

# एसपी ने एशियन गोल्ड मेडलिस्ट प्रियंका व पूजा को किया सम्मानित

### कबड्डी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसपी वशिष्ठ का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बाढ़डा के हंसावास खुर्द के वाईब्रेन्ट इंटरनेशनल स्कूल में 27 व 28 अप्रैल को एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर स्टेट कबड्डी प्रतियोगिता (महिला व पुरुष) को सफल बनाने के लिए एसोसिएशन के चेयरमैन कुलदीप दलाल, महासचिव नसीब जांघू, खजांची अनिल राठी, कुलदीप पहल, विरेन्द्र फौगाट, मनजीत पहलवान, स्कूल चेयरमैन नवीन श्योराण, दादरी जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष राजेश फौगाट, बुजन कोच, राजस्थान कबड्डी संघ अध्यक्ष तेजस्वी गहलोत, एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष एवं सांसद कृष्णलाल पंवार, बाढ़डा के पूर्व विधायक सुखविन्द्र मांढ़ी व अतिथियों का आभार जताया है।

चेयरमैन दलाल ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का शुभारंभ दादरी की एसपी पूजा वशिष्ठ ने किया और कबड्डी खिलाड़ी को आशीर्वाद देकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रथम दिन की प्रतियोगिता के अंत में एसपी पूजा ने एशियन गोल्ड मेडलिस्ट प्रियंका पिलानिया व पूजा हथवाल को सम्मानित किया। दलाल ने एसपी के समर्थन और सांझेदारी के लिए आभार जताया।



**भिवानी।** एसपी पूजा वशिष्ठ को सम्मानित करते एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### जताया आभार

दलाल एवं पदाधिकारियों ने एसपी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। समारोह में बतौर मुख्यतिथि पहुंचने श्रीश्री 1008 भल्लेगिरी महाराज का भी आभार जताया, जिन्होंने कबड्डी खिलाड़ियों को ऐसे ही मेहनत करते रहने का आशीर्वाद दिया।

# ड्यूटी में लापरवाही पड़ सकती है भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

लोकसभा में होने वाले आम चुनाव में लापरवाही या देरी बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त कार्रवाई झेलनी पड़ सकती है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उन्हें सौंपी गई ड्यूटी का निर्वहन करना जरूरी है। कोताही करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ चुनाव अधिनियम-1951 में दी गई शक्तियों के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है।



- चुनाव प्रक्रिया को समयबद्ध व सुचारू रूप से संपन्न करवाएं

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी को गंभीरता व निष्पक्षता से निभाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आदेशों में कहा कि लोकसभा आम चुनाव बेहद नजदीक है। चुनाव प्रक्रिया को समयबद्ध व सुचारू रूप से संपन्न करवाने को विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों, वाहनों व अन्य उपकरणों की आवश्यकता होती है। कई बार देखने में आया है कि जिले के कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी बिना कारण के जानबूझकर चुनाव ड्यूटी देने में असमर्थता व्यक्त करते हैं, जिससे चुनाव कार्य में बाधा आने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने कार्यालय में वाहनों और उपकरणों आदि को सही व चालू हालत में रखना सुनिश्चित करें और चुनाव प्रक्रिया के लिए मांग अनुसार तुरंत कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, वाहनों और उपकरणों को उपलब्ध करवाएं। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि चुनाव ड्यूटी में लापरवाही या देरी बरतने वाले संबंधित अधिकारी या कर्मचारी को सख्त कार्रवाई झेलनी पड़ सकती है।

H.D. THE CREATOR OF DESTINIES
H.D Public School Birohar
A Co-Education English Medium | C.B.S.E Affiliated Sr. Sec. School
Contact No. 8059923555, 8607128682
Admission Open
Session 2024-25
Science, Comm., Arts
Nur. to 12th
Limited Seats
Let's grab the opportunity





स्पेशल
वर्ल्ड लाफ्टर-डे, 5 मई

हंसी हमारे भीतर बैठे तनाव को खत्म ही नहीं करती, हमें कई तरह की बीमारियों से बचाकर स्वस्थ भी रखती है। अच्छी बात यह है कि हंसने के मामले में महिलाएं कुदरती तौर पर पुरुषों से कहीं आगे होती हैं, खुलकर हंसना उनके स्वभाव में होता है। इस बात की पुष्टि कई शोधों से मिलती है। महिलाओं पर हुए ये शोध किन बातों को आधार बनाकर हुए, यह जानते हुए हम भी यह मानें कि हंसी हजार नियामत है।

कवर स्टोरी / विमला रस्तोगी

# पुरुषों से कहीं ज्यादा हंसती हैं महिलाएं

किसी विद्वान ने कहा है, 'अगर तुम्हारे होंठों पर मुस्कान है और हृदय में एक कोई अच्छा गीत तो निश्चित रूप से तुम ऊंची आवाज में गाओ।' देखा जाए तो आज यही मुस्कान-हंसी बहुत दुर्लभ हो गई है। जिंदगी की आपा-धापी और तमाम तरह के तनावों के बीच आदमी हंसना भूलता जा रहा है।

### हंसी-खुशी के बदल गए हैं मायने

आज इंसान के लिए हंसी-खुशी के मायने बदल चुके हैं। धनी और अधिक पैसा कमाने की, मध्य वर्ग सीमित आमदनी में ढंग से रहने की और गरीब निर्धनता से मुक्ति पाने, जीने की कशमकश में लगा रहता है। धनी वर्ग क्लबों, पार्टियों और होटलों में हंसी खोजने जाता है। गरीब के लिए अपने बच्चों के पेट भरने पर ली जाने वाली चैन की सांस ही उसके होंठों की मुस्कान बन जाती है। आजकल चिंताएं बिना किसी रुकावट के बिन मांगे ही मिल जाती हैं, लेकिन हंसी दुर्लभ है।

### हंसी पर क्या कहते हैं शोध

व्यक्ति कब हंसता है? कितना हंसता है? आदमी ज्यादा हंसते हैं या महिलाएं? विदेशों में शोधकर्ता हंसी से संबंधित इन्हीं सब बातों पर शोध करने में लगे हैं। हंसने पर शोध करने वाले वर्जीनिया विश्वविद्यालय के वेड.सी. मैकी का कहना है कि अनेक स्थितियों में महिलाएं पुरुषों से जल्दी और अधिक हंसती हैं। लुइसियाना स्टेट विश्वविद्यालय के शोधकर्ता भी हंसी पर अनुसंधान कर रहे हैं। अपने शोध के दौरान इन शोधकर्ताओं ने ढाई मिनट तक दो पुरुषों की मनोरंजक बातचीत टेप की और उसे कुछ अकेले बैठे पुरुषों को सुनाया। इसी टेप को शोधकर्ताओं ने बाद में महिलाओं को सुनाया, जो अकेली बैठी थीं तो उन्होंने पाया कि अकेली बैठी महिलाएं उस टेप को सुनकर अकेले बैठे पुरुषों की अपेक्षा अधिक खुल कर हंसीं। शोध से यह भी निष्कर्ष सामने आया है कि महिलाएं अन्य महिलाओं के साथ मिलकर ज्यादा हंसती हैं, जबकि पुरुष अपने वर्ग में बैठ कर सामान्य स्तर तक ही हंसते हैं। अब आप ही बताएं, कहीं चार महिलाएं बैठी ठहाके लगा रही हों तो लोग क्यों जलते हैं? महिलाओं पर 'खाली बैठे ठट्ठे मारने' का इल्जाम क्यों लगाया जाता है? ऐसा इल्जाम या हंसी के मामले में महिलाओं से जलन गलत है। क्या खुशमिजाज होना गलत है?



### एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है

अमेरिका में लुइसियाना के ग्रामीण क्षेत्रों में और वर्जीनिया के शहरी क्षेत्रों में किए गए एक अध्ययन के अनुसार एक हंसी दूसरी हंसी को जन्म देती है। वैसे हंसने में महिलाएं ज्यादा सक्रिय देखी जाती हैं। शोधकर्ताओं ने एक सड़क पर कुछ नियत शब्दों में वयस्कों का स्वागत किया। कभी हंस कर, कभी बिना हंसे। आमतौर पर हंसी का उत्तर हंसी में मिला, लेकिन महिलाएं पुरुषों से ज्यादा हंसीं। शोध में एक और निष्कर्ष निकला कि पुरुष यदि पुरुष को देखकर मुस्कराता है तो अच्छा रेस्पांस मिलता है। लेकिन पुरुष महिला को देखकर मुस्कराए तो प्रत्येक महिला हंसकर रेस्पांस नहीं देती, इसका कारण हमारे बनाए सामाजिक दायरे हैं। महिलाओं को देखना होता है कि वह कहां और किसके साथ हैं? कहीं कोई उन पर अंगुली ना उठा दे। लेकिन यह तय है कि हंसना महिलाओं के स्वभाव में है। इसलिए उन्हें टोकना नहीं चाहिए।

### सर्वत्र लागू होती है ज्यादा हंसने वाली बात

कोई कुछ भी कहे, महिलाएं कई मामलों में पुरुषों से बाजी मार ही लेती हैं। मसलन, पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं बोलती ज्यादा हैं, लड़ती ज्यादा हैं, सहती ज्यादा हैं, रोती ज्यादा हैं, इसी तरह हंसती भी ज्यादा हैं। यह बात पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण सर्वत्र समान रूप से लागू होती है। अधिक हंसने की आदत के कारण कुछ महिलाओं के 'हंसमुखी' या 'फुलझड़ी' जैसे नाम पड़ जाते हैं।

### हंसी हजार नियामत

हंसने पर शोध की बात पर याद आती है अपनी एक परिचिता, जो हर बात पर हंसती है। हंसने वाली बात पर हंसे तो मुनासिब है, लेकिन वह दुख की बात पर भी हंस पड़ती है। उसका मानना है, दुख भी हंस कर सहो। अरे भई, हंस कर दुख सहने का यह मतलब तो नहीं कि हर समय बत्तीसी दिखाते रहो। क्या कहें उसे जो किसी को गिरता देख ले तो उसे हंसी आ जाए। गिरने वाला चाहे उसका भाई हो या पड़ोसी, जवान हो या बच्चा, किसी को बुरा लगे या भला, उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसका कहना होता है, 'मैं क्या करूं, किसी को गिरता देख सबसे पहले मेरी हंसी ही छूटती है।' है न इस महिला की हंसी गजब की। काश! शोधकर्ता इस महिला पर शोध करते तो उन्हें खासे आंकड़े बदलने पड़ते। लेकिन जो भी कहा जाए, हंसी हजार नियामत है, हम खुद तो हंसें ही, दूसरों को भी हंसाकर उसे खुशी के पल दें।

# जब करें मजाक रखें इन बातों का ध्यान



अपनों के साथ हम मजाक करते ही हैं, यह हंसने-हंसाने का एक प्यारा-सा जरिया है। लेकिन मजाक कभी ऐसा ना करें कि सामने वाला हंसने के बजाय आहत हो। ऐसे मजाक बिल्कुल ना करें, जिसे आप स्वयं भी ना सह पाएं। मजाक एक सीमा में रहकर करें।

बिहेवियर / विवेक कुमार

बड़े-बुजुर्ग सही कहते हैं कि हंसी-मजाक एक सीमा तक ही अच्छे लगते हैं। अगर आपने इसकी हद पार कर दी तो यह हंसी-मजाक संबंधों के लिए घातक भी हो सकता है। आपने भी कई बार महसूस किया होगा कि किसी-किसी का मजाक आपके दिल में चुभकर रह गया। ऐसे तमाम किस्से भी सुने होंगे कि किसी ने, किसी दूसरे का इतना मजाक उड़ाया कि मजाक से पीड़ित व्यक्ति ने गुस्से में मजाक बनाने वाले से मारपीट तक कर ली। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

**सीमा पार ना करें :** मजाक हमेशा एक सीमा तक ही अच्छा लगता है। जैसे ही आपने किसी का मजाक बनाते हुए सीमाएं, मर्यादाएं पार कीं तो मजाक बनाए जाने वाला व्यक्ति बहुत अपमानित महसूस करता है। इसलिए जब भी किसी से मजाक करें, उसका सम्मान करते हुए महज मनोरंजन की सीमा तक ही यह करें। खास करके ऐसे व्यक्ति का तो मजाक कभी नहीं उड़ाना चाहिए, जो मजबूर हो और पलटकर आपको जवाब ना दे सके। इसी तरह किसी शख्स में अगर कोई जन्मजात कमी है, मसलन वह अंधा है, लंगड़ा है या वह बोल नहीं पाता, मोटा है, काला है, कद बहुत छोटा है, ऐसी शारीरिक स्थितियों का तो कभी भी मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। क्योंकि ऐसे व्यक्तियों का जब कोई मजाक उड़ाता है तो वह मजाक उन्हें गुदगुदाता नहीं है, अपमानित महसूस कराता है।

**वही मजाक करें, जो आप भी सहन कर सकें :** किसी भी व्यक्ति का उन्हीं बातों और संदर्भों को लेकर मजाक उड़ाना चाहिए, जिन बातों और संदर्भों को लेकर किए गए मजाक को आप खुद भी सहन कर सकें। किसी का ऐसी किसी बात के लिए मजाक ना उड़ाएं जैसी बात के लिए आप खुद मजाक सहन नहीं कर सकतीं। हम यह ना भूलें, जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो इसका हमारे संबंधों पर असर पड़ता है। जब हम जिसका मजाक उड़ाते हैं, अगर उसके मन में यह भावना आती है कि आप उसका अपमान कर रही हैं, तो चाहे वह कितना अच्छा दोस्त हो, उससे आपके रिश्ते सलामत नहीं रहेंगे। मजाक से विश्वास और दोस्ती दोनों के टूटने का खतरा रहता है। भले कुछ लोग कहते हों कि मजाक करके वह माहौल को हल्का-फुल्का और तनावमुक्त बनाना चाहते हैं, लेकिन यह एक बड़ा झूठ है। जब हम किसी का मजाक उड़ाते हैं तो माहौल हल्का नहीं होता, उस व्यक्ति के लिए तो बहुत ही तनावभरा हो जाता है।

### क्या कहता है मनोविज्ञान



**मनोविज्ञान** के मुताबिक कोई स्वस्थ व्यक्ति किसी का मजाक नहीं उड़ा सकता। हां, अगर कोई ऐसा व्यक्ति जो वाकई मनोरंजन के लिए या माहौल को हल्का-फुल्का करने के लिए मजाक का सहारा लेता है, तो वह दूसरों की बजाय सबसे ज्यादा खुद का ही मजाक उड़ाता है। मनोविज्ञान यह भी स्पष्ट करता है कि दूसरो का मजाक उड़ाकर हम अपने आपको महत्वपूर्ण बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन ऐसी कोई कोशिश कभी सफल नहीं होती।

**लोगों को मौका ना दें :** जब कोई व्यक्ति पहली बार आपका मजाक उड़ाने की कोशिश करे और आपको लगे कि आप उससे आहत हो रही हैं तो तुरंत उसे टोक दें। अगर पहली बार में ही टोक देंगी तो वो भविष्य में ना सिर्फ आगे बढ़ने से रुक जाएगा बल्कि यहां से भी पीछे लौट जाएगा। अगर आपने उसे आगे बढ़ने दिया तो वह भविष्य में अगर पीछे लौटने का हौसला भी दिखाएगा तो बार-बार इससे पीछे भी हट जाएगा। किसी से दबकर तो अपना मजाक कभी भी नहीं उड़वाना चाहिए। क्योंकि अगर सामने वाले को लग गया कि आप उससे दबे हुए हैं, इसलिए उसकी मजाक को सहन कर रहे हैं तो वह फिर और दबाता जाएगा। यह कभी नहीं भूलें, मजाक हंसने-हंसाने के लिए होते हैं, दिल को दुखाने के लिए नहीं।

एडवाइस / विनीता

# अपने आप से क्यों रखें शिकायत



हर इंसान से जीवन में कोई ना कोई गलती हो जाती है। ऐसी गलती भी हो जाती है, जिसमें अपना ही नहीं, अपने किसी प्रिय का नुकसान हो जाता है। यह गलती जानबूझ कर नहीं, अनजाने में हो जाती है फिर भी हम अपने आपको दोषी मानते हैं। एक तरह से अपराधबोध से ग्रस्त हो जाते हैं। लंबे समय तक ऐसी मनःस्थिति मेंटल हेल्थ के लिए ठीक नहीं है, इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। लेकिन उबरें कैसे, जानिए-

**हमेशा खुद को दोषी ना समझें:** कुछ लोग किसी भी काम में कोई गलती होने पर खुद को दोषी मान लेते हैं, इन्हें अपने आपसे शिकायत हो जाती है। ऐसे लोग अपने आपको कोसने लगते हैं। ऐसी स्थिति में उनके व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ जाता है। इसलिए अगर आपसे कभी कोई गलती हो भी जाए तो लगातार उसके बारे में सोचकर उदास-निराश होने के बजाय उसे सुधार कर आगे बढ़ जाएं।

**हीनभावना से बचें :** किसी गलती के लिए खुद को लंबे समय तक दोषी समझने या अपराधबोध से ग्रस्त होने के कारण मन में हीनभावना जन्म ले लेती है। इससे व्यक्ति को ऐसा लगता है कि वह दिमागी रूप से बहुत कमजोर है, इसी कारण अकसर उसी से ही गलतियां होती हैं। वह असक्षम है। अपने बारे में ऐसी बातें ना सोचें। यह तभी संभव होगा, जब आप अपने लिए कुछ अच्छा सोचेंगी। अपनी सोच सकारात्मक रखेंगी।

**स्वयं रखें अपना ध्यान:** आज की इस भागम-भाग वाली जिंदगी में लोगों के पास दूसरों के लिए समय नहीं है। अधिकांश लोग सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं, इसलिए आपको अपना ध्यान खुद ही रखना होगा, तभी आप खुश रहेंगी, जीवन में कामयाब होंगी। इसके लिए आपको अपनी कमियों और गलतियों के प्रति सचेत रहना होगा, अपनी आदतों को निरंतर सुधारने की कोशिश करनी होगी।

**खुद को दें शाबासी:** हमेशा कुछ नया सीखने और करने का प्रयास करें। अपना आत्मविश्वास और आत्मबल बढ़ाएं। इसके लिए जब भी किसी कार्य में आपको सफलता मिले तो उसके बारे में सोचकर खुद पर गर्व महसूस करें। अपने आप को शाबासी भी दें। जब आप खुश होकर अपने बारे में सकारात्मक नजरिया रखेंगी तो आपके मन में खुद के प्रति कोई शिकायत नहीं रहेगी। **(मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद से हुई बातचीत पर आधारित)**

सीजनल टिप्स / संध्या सिंह

# जब समर सीजन के लिए सेलेक्ट करें ड्रेस-एक्सेसरीज



गर्मी के मौसम में हर कोई ऐसी ड्रेसेस और एक्सेसरीज सेलेक्ट करना चाहता है, जिससे सुकून मिले। इसलिए इन पर ध्यान देना जरूरी है।

**सुकून देने वाले कलर्स :** अपनी ड्रेस कलर च्वाइस से भी आप गर्मी को मात दे सकती हैं। गर्मियों में डिजाइन कैसी भी हो, मैटेरियल कैसा भी हो लेकिन अगर कलर सुटेबल नहीं हो तो सुकून नहीं मिलता है, परेशान करने वाली बेचैनी बनी रहती है। इसलिए बेहतर है कि व्हाइट कलर ड्रेसेस को प्रेफरेंस दें। यह कलर गर्मी को सोखता नहीं है, उसे रिफ्लेक्ट कर देता है इसलिए गर्मियों में इस कलर की ड्रेसेस ही चुनें। डार्क और ब्लैक कलर ड्रेसेस को अवॉयड ही करें। ब्लू कलर भी ज्यादा यूवी किरणों को सोखता है, इसलिए इस मौसम में गहरे रंगों से दूर रहें। लाइट ग्रीन, ऑरेंज, यलो और स्काई ब्लू कलर ही इन दिनों सुकून पहुंचाते हैं।

**ऑफ शोल्डर टॉप-हाफ पैंट्स :** इस मौसम में बहुत चुस्त और फिटेड ड्रेसेस ना अच्छे लगते हैं और ना ही आरामदायक होते हैं। इस लिहाज से कॉटन मेड ऑफ शोल्डर टॉप और हाफ पैंट्स, उन टीनएज गर्ल्स और यंग वूमेन के लिए परफेक्ट ड्रेस है, जो गर्मियों में आउटिंग पर जा रही हों। हालांकि इसे फ्रेंड्स के साथ गेट-टू-गेदर में भी कैरी कर सकती हैं, क्योंकि इस ड्रेस में यंग वूमेन खूब फबती हैं। यह ड्रेस कॉम्बिनेशन मॉडर्न लुक तो देती ही है, इससे सुकून भी मिलता है। इसके अलावा लॉन्ग कुर्ती, प्लीटेड स्कर्ट, व्हाइट शर्ट, लिनेन जैकेट और कॉटन टी-शर्ट विद पलाजो, गर्मियों के लिए अच्छी च्वाइस हैं।

**हील्स को कहें बाय-बाय:** अप्रैल, मई और जून माह में उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में जिस तरह की गर्मी पड़ती है, वैसे मौसम में हाई हील्स को बाय-बाय कहने में ही समझदारी है। दरअसल, गर्मी के मौसम में देर तक हील्स पहनने से पैर की अंगुलियों पर बहुत दबाव महसूस होता है। इस दौरान लगातार हील्स पहनने से पैरों की शेप तक बिगड़ जाती है। चूंकि हील्स पहनने से सेंटर ऑफ ग्रेविटी का आगे की ओर खिसक जाता है, इसलिए खड़े होने पर न चाहते हुए भी पीठ झुक जाती है। यह कई बार असहनीय पीठ दर्द का कारण बन जाता है। इसलिए हील्स पहनने से बचें।


**कंफर्टेबल फुटवियर :** शॉर्ट ड्रेसेस की तरह गर्मी के मौसम में फुटवियर भी कंफर्टेबल ही पहनें। फुटवियर हमारे पैरों को राहत ही नहीं देते, ये हमें स्टाइलिश भी बनाते हैं। इसलिए स्नीकर्स पहनते समय जमीन से सटी सैंडिल या हाई हील्स की तरफ भूलकर भी ना देखें। बेचैन करने वाली गर्मियों में यह पक्का डिसाइड कर लें कि इस मौसम में जो कुछ पहनेंगी कंफर्टेबल ही पहनेंगी।

**पैरों को दें नमी :** शॉर्ट ड्रेस पहनते समय पैरों की त्वचा का ध्यान रखना जरूरी है क्योंकि इनमें ज्यादातर समय पैर सीधे धूप, मिट्टी और गर्म हवाओं को सहते हैं। इसलिए अपने पैरों को इन परेशानियों से बचाने के लिए लेग्स को नियमित मॉयश्चराइज करती रहें वरना आपके पैरों की स्किन ड्राय और डल हो जाएगी।

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

हर महिला के जीवन में मेनोपॉज स्टेज के दौरान और उसके बाद कई फिजिकल-मेंटल चेंज होते हैं। इससे कई प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसके लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस आपके लिए यूजफुल हो सकते हैं।

# मेनोपॉज के बाद ऐसे करें सेल्फ केयर

आमतौर पर मेनोपॉज को हड्डियों की कमजोरी और ब्रेस्ट कैंसर की बड़ी वजह माना जाता रहा है, लेकिन सच यह है कि अगर ध्यान न दिया जाए तो मेनोपॉज महिलाओं के लिए कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सबब भी बन सकती है।

**गम्स प्रॉब्लम:** नॉर्थ अमेरिकन मेनोपॉज सोसायटी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जोएन वी. पिंकर्टन कहती हैं, 'मेनोपॉज की स्थिति में जब महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है तो उनमें दांत ढीले होने और गम्स प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। कुछ महिलाएं ड्राइ माउथ, मसूढ़ों में जलन और दर्द भी महसूस करती हैं। ऐसे में उन्हें ओरल हाइजीन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।'

**स्लीप एप्निया:** विस्कोंसिन स्लीप कोहर्ट स्टडी के आधार पर पिंकर्टन बताती हैं कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल भी कम हो जाता है, जिससे ब्रीदिंग डिस्टर्ब होती है और स्लीप एप्निया की समस्या हो जाती है। कई महिलाओं में दिन में नींद ज्यादा आने, सिरदर्द और एंग्जायटी की समस्या होने लगती है।

**डायबिटीज:** अमेरिका की नेशनल हेल्थ स्टडी में वूमेंस हेल्थ इनीशिएटिव के मुताबिक जिन महिलाओं में 46 साल की उम्र से पहले या 55 साल के बाद मेनोपॉज होता है, उनमें टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ जाता है। गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. किरण कोएलो कहती हैं, 'एस्ट्रोजन हार्मोन ग्लूकोज लेवल को स्थिर रखता है। इस हार्मोन का स्तर कम होने पर शरीर में ग्लूकोज का संतुलन बिगड़ जाता है। साथ ही फैट भी ज्यादा जमा होने लगती है। इसके अलावा इससे पोलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, हाई बीपी और जेस्टेशनल डायबिटीज का रिस्क भी बढ़ जाता है। इसलिए रेग्युलर चेक-अप करवाना चाहिए और ओवरवेट होने से भी बचें।'

**हार्ट डिजीज:** मेनोपॉज से पहले, एस्ट्रोजन हार्मोन से शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ती है, खराब कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है और हाई बीपी कंट्रोल होता है। लेकिन जब मेनोपॉज के कारण एस्ट्रोजन का लेवल कम होने लगता है तो हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में नियमित 30 मिनट की एक्सरसाइज, प्लांट बेस्ड डाइट लेना और स्मोकिंग से बचना जरूरी है।

**ईटिंग डिसऑर्डर:** इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ईटिंग डिसऑर्डर्स में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, मेनोपॉज के बाद महिलाओं में जो शारीरिक परिवर्तन आते हैं, उनसे ईटिंग डिसऑर्डर और नेगेटिव बॉडी इमेज की समस्या भी होती है। दरअसल, यह स्थिति सिर्फ शारीरिक ना होकर मानसिक और सामाजिक भी हो जाती है। महिलाओं के दिमाग में बेचैनी और उथल-पुथल होने लगती है। खुद को फिट और खूबसूरत दिखाने के लिए महिलाएं हेल्दी ईटिंग नहीं करतीं और डाइटिंग करने लगती हैं।

**यूरीनरी प्रॉब्लम्स:** स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्मिता गुटगुटिया के अनुसार, 'मेनोपॉज के बाद यूरीनेशन पर कंट्रोल कम होने की समस्या कई महिलाओं को होती है। ऐसा एस्ट्रोजन का लेवल कम होने से यूरेथ्रा के पतले होने के कारण होता है। साथ ही एजिंग, नॉर्मल डिलीवरी आदि के कारण पेल्विक फ्लोर मसल्स कमजोर होने से भी ऐसा होता है। साथ ही इस उम्र में बार-बार यूरीनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन भी होता है। इस समस्या से राहत के लिए कीगल एक्सरसाइज, पर्याप्त पानी पीना और गायनेकोलॉजिस्ट की सलाह से सावधानियां बरतना हेल्पफुल हो सकता है।'

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



### आढ़ती एसोसिएशन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**बाढ़ड़ा।** भाकियू व अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन ने एसडीएम सुरेश दलाल को ज्ञापन सौंप कर दो दिन में उठान में तेजी नही आने पर 2 मई को अनाज मंडी को ताला लगाकर सड़क जाम करने की चेतावनी दी है। भाकियू के जिलाध्यक्ष हरपाल भांडवा व आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान हनुमान शर्मा की अगुवाई में एसडीएम सुरेश दलाल को सौंपे ज्ञापन में लिखा है कि बाढड़ा अनाज मंडी में अनाज का उठान नही हो पा रहा है।

### जनता दरबार लगाकर सुनीं जनसमस्याएं

**भिवानी।** उपायुक्त नरेश नरवाल के निर्देशानुसार सोमवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने वार्ड नंबर 28 के लिए बर्तन बाजार, मस्ता वाली गली में खारी कुई पर तथा वार्ड 29 के लिए नया बाजार स्थित हनुमान मंदिर में जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में लोगों ने विभाग के अधिकारियों के समक्ष सीवरेज सफाई व पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाने की मांग रखी।

### फसल अवशेष जलाने पर लगाया प्रतिबंध

**भिवानी।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के मद्देनजर जिलाधीश नरेश नरवाल ने दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत आदेश पारित करके जिला में तुरंत प्रभाव से रबी फसल की कटाई के बाद बचे अवशेष/भूसे को जलाने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया है। ये आदेश आगामी 25 जून, 2024 तक प्रभावी होंगे। फसल अवशेष जलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### कारागार में बचे भोजन की नीलामी दो मई को

**भिवानी।** जिला कारागार में भोजन लेने के उपरांत बची हुई रोटी, सब्जी व दाल आदि की नीलामी दो मई को प्रातः 11 बजे होगी। नीलामी के लिए पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। जिला जेल प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक मई 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक की अवधि के लिए दो मई को प्रातः 11 बजे कारागार के कार्यालय में वेस्ट फूड की नीलामी होगी। उन्होंने इच्छुक बोलीदाता को ईटेंडर के माध्यम से नीलामी के समय 20 हजार रुपए की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता को छोडकर शेष को धरोहर राशि वापिस कर दी जाएगी।

### बीएलओ ड्यूटी गंभीरता के साथ करें: डीसी

**भिवानी।** बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्षित कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप सभी बीएलओ और सुपरवाईजर अपने-अपने बूथों की मतदाता सूची को सही ढंग से तैयार करवाएं ताकि कोई नागरिक मतदान से वंचित न रहे। कोई जानकारी नहीं है तो पूछ लें। कोई ऐसा कार्य न करें जो बाद में आपके लिए परेशानी का सबब बने।

## सैकड़ों विद्यार्थियों के लिए बुक बैंक बना जीवन का आदर्श

# प्रयास संगठन का बुक बैंक चार वर्षों से जरूरतमंद विद्यार्थियों को मुहैया करवा रहा जरूरी पुस्तकें

### नि:शुल्क बुक बैंक से सैकड़ों द्यिार्थियों का जीवन ज्ञान की लौ से रोशन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

कहतें हैं जीवन की तरक्की का उजाला किताबों के काले अक्षरों में छिपा है। लोहारू के प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा चार वर्षों से लोहारू में चलाए जा रहे निःशुल्क बुक बैंक के माध्यम से इलाके के सैकड़ों जरूरतमंद विद्यार्थियों का जीवन ज्ञान की लौ से रोशन हुआ है। प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन के संस्थापक मास्टर पवन स्वामी और संरक्षक डॉक्टर उमेद जांगिड ने बताया कि हमारे देश में पुस्तकों को विद्या की देवी का स्वरूप माना जाता है और प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का व्यापार पुस्तकों के लेन देन को लेकर होता है इसके अलावा विद्यार्थी प्रतिवर्ष अपनी पुस्तकें पढक़र और उन्हें रद्दी के भाव बेच देते हैं और बहुत से प्रतिभाशाली बच्चे पुस्तकों के अभाव में अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच पाते हैं। प्रति वर्ष उन्हीं पुस्तकों की छपाई के लिए अधिक वृक्षों की कटाई की जाती है। इन सभी बातों को देखते हुए संगठन ने अक्टूबर 2020 में लोहारू में निःशुल्क बुक बैंक की शुरुआत की। प्रारंभ में बुंक बैंक में भले ही कुछ दर्जन किताबें थी लेकिन वर्तमान में इस बुंक बैंक में विभिन्न विषयों की सैकड़ों किताबें हैं।

#### प्रतियोगी पुस्तके भी हैं उपलब्ध

डॉ. उमेद जांगिड़ और मा. पवन स्वामी ने बताया कि बुक बैंक से पुस्तक प्राप्त करने वाले किसी भी विद्यार्थी का कोई रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है और ना ही उनकी कोई फोटो आदि ली जाती है। बुक बैंक के संयोजक रिंकू कुमार के अनुसार यह बुक बैक प्रत्येक शनिवार और रविवार को खोला जाता है और इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों की मांग पर किसी भी दिन ओपन रह सकता है। अभी तक करीब 3000 पुस्तकें यहां से जरुरतमंद विद्यार्थी ले जा चुके हैं और एनसीईआरटी की सभी स्कूली स्तर व कॉलेज स्तर की कक्षाओं की पुस्तकों के अतिरिक्त नीट या जेईई या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें भी उपलब्ध हैं।



**लोहारू।** लोहारू बुक बैंक में मौजूद प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन के पदाधिकारी व सदस्य तथा बुक बैंक में व्यवस्था बनाते हुए सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### छात्रों के हित का रखा जा रहा ध्यान

प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन के संस्थापक मास्टर पवन स्वामी ने बताया कि दो तीन दशक पहले तक बाजार में और स्कूलों में पुरानी पुस्तकें आदान प्रदान की एक परंपरा रही है लेकिन इसके बाद इस प्रकार का वातावरण तैयार किया गया कि हर बार नई ही पुस्तकें ली जाएं जिससे कि जरूरतमंद और प्रतिभाशाली विद्यार्थी के लिए यह बडा मुश्किल होता जा रहा था इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए और हमारे सामाजिक ताने बाने को बनाए रखने के लिए नि:शुल्क बुक बैंक की शुरुआत की गई है जो कि अब हरियाणा के 7 जिलों में चल रहे हैं। जिनकी देखरेख वहां की विभिन्न संस्थाएं कर रही हैं। चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी की समाज कल्याण विभाग की टीम द्वारा, एसडीएम लोहारू द्वारा और एनआरआई टीम के अतिरिक्त अनेक गणमान्य लोग इस नि:शुल्क बुक बैंक का दौरा कर चुके हैं और इसे एक अनूठी पहल बताया है। अभी बुक बैंक में 6 रैक हैं उसमें सैकड़ों पुस्तकें उपलब्ध हैं । कोई भी विद्यार्थी बुक बैंक से नि:शुल्क किताबें प्राप्त कर सकता है तथा जिनके घरों में पिछली कक्षाओं की पुस्तकें या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें जो अच्छी स्थिति में हैं वो बुक बैंक में भेंट कर सकता है।

## अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस जवानों को दी विशेष ट्रेनिंग

# कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए की मॉक ड्रिल

### बेहतरीन कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारी व अधिकारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में पुलिस कंपनियों ने दंगा निरोधक टीम बनाकर मॉक ड्रिल का अभ्यास करवाया । इस मॉक ड्रिल में महिला पुलिस बल की टुकड़ियों ने भी स्पेशल मॉक ड्रिल की । इस दौरान पुलिस बल को विशेष ट्रैनिंग दी गई, जिससे जिले में किसी भी अप्रिय घटना के समय कानुन व्यवस्था बनाये रखने के लिए यह पुलिस बल हमेशा तैयार रहेगा । इस मॉक ड्रिल में उप पुलिस अधीक्षक के अधिकारियों से लेकर जिला पुलिस में तैनात सिपाही तक सभी को प्रशिक्षण दिया गया है । इस दौरान बेहतरीन कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस मॉक ड्रिल के दौरान कर्मचारियों को भीड को तितर-बितर करने व दंगा निरोधक गतिविधियों पर कैसे काबु पाया जाए, इस बारे में बताया गया । इसके अलावा विशेषज्ञों की टीम द्वारा पुलिस कर्मचारियों को भीड को खदेड़ने के लिए कन सील्ड व डंडे के साथ अभ्यास करवाया गया । अगर कहीं पर भी असमाजिक तत्व माहौल बिगाडने की कोशिश करते हैं तो उनसे कैसे सख्ती से निपटा जाए तथा उनके साथ कानुनी कार्यवाही के तहत बल प्रयोग कैसे किया जाए, इस बारे में भी प्रशिक्षित किया गया । पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा समय.समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे आपात परिस्थितियों में निपटा जा सके । अपराधिक वारदात होने पर अपने उच्च अधिकारियों से तुरंत सम्पर्क करें । लाँ एंड आर्डर कम्पनी को कानून व्यवस्था की विकट परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाईन में प्रत्येक सोमवार को अभ्यास कराया जा रहा है। अभ्यास के दौरान जवानों ने दंगा निरोधक उपकरण, लाठी.डंडा, कैन शिल्ड सहित जवानों को दंगा निरोधक उपकरण का बारिकी से अभ्यास



**भिवानी।** भीड़ से निपटने की मॉक ड्रिल करती महिला पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि

#### आदेशों की दृढ़ता के साथ पालन करें

अपने अधिकारी के आदेशों की दृढता के साथ पालन करें । अपने उच्च अधिकारियों से सम्पर्क में रहे तथा स्थिति से अवगत कराते रहे । पुलिस अधीक्षक ने राइडर नंबर.01 पर तैनात एसपीओ राजकुमार व जसबीर को शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने व वह इलाके में प्रभावी गश्त कर कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इसी तरह राइडर नंबर-11 पर तैनात एसपीओ रोशन व अशोक को गांव नंदगांव में उपलों में लगी आग को ग्रामीणों के साथ मिलकर बुझाने के मामले में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। राइडर नंबर-17 पर तैनात एसपीओ अजय व राजबीर को राजगढ़, राजस्थान से चांदी चोरी करके ला रहे आरोपियों को पकड़ने के मामले में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

# चुनाव के दौरान रहें अलर्ट: एसडीएम

- फ्लाइंग स्क्वायड टीम एसएफ टी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

सहायक निर्वाचन अधिकारी 55 बाढ़डा एवं एसडीएम सुरेश कुमार ने सोमवार को बैठक कर स्टैटिक सर्विलांस टीम एसएसटी तथा फ्लाइंग स्क्वायड टीम एसएफटी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है। नामांकन से लेकर चुनाव की समाप्ति तक विशेष निगरानी करने को कहा है। एसडीएम ने कहा कि एफएसटी स्थान बदल.बदल कर चेकिंग करे। हर वाहन की गहराई के साथ जांच की जाए। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही राजनीतिक गतिविधियां बढ़ेंगी। एसएसटी टीम 50 हजार रुपए से अधिक नगद राशि, अधिक मात्रा में शराब, हथियार, सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने या डराने . धमकाने के लिए प्रयोग की जानी वाली वस्तुओं की बारीकी से जांच करे। जांच में ऐसी वस्तु मिलने पर उसे जब्त करे। 10 लाख रुपए से अधिक नगद राशि मिलने पर आयकर विभाग को सूचित करना है। एसडीएम ने कहा कि फ्लाइंग स्क्वायड टीम को हमेशा भ्रमणशील रहना है। जांच के दौरान प्रतिबंधित वस्तु मिलने पर उसकी पूरी वीडियोग्राफी करनी है।



**बाढड़ा।** अधिकारियों को दिशा .निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

# विभिन्न वर्ग के 906 पदों पर हुई भर्तियां

- सेना भर्ती कार्यालय ने सेना भर्ती प्रेषण समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी के भर्ती निदेशक अधिकारी कर्नल आनंद साकले ने बताया कि हरियाणा और हिमाचल क्षेत्र में सेना भर्ती कार्याल दादरी के कार्य क्षेत्र में आने वाले चरखी दादरी, भिवानी, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिले के युवाओं ने भर्ती वर्ष 2023-24 में सर्वोत्तम प्रदर्शन कर कुल 906 विभिन्न वर्ग के पदों को हासिल करने में सफलता पाई है। अग्निवीर जनरल ड्यूटी 674 उम्मीदवार, अग्निवीर टेक्निकल 57 उम्मीदवार , अग्निवीर ट्रेड्समैन 18, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर तकनीकी (सभी शस्त्र)151 अग्निवीर (महिला सैन्य पुलिस) 1 उम्मीदवार और हवलदार एसवीवाई ऑटो कार्टो के पांच उम्मीदवारों ने योग्यता सूची में अपना स्थान बनाते हुए पूरे प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। कर्नल आनंद साकले ने बताया की वर्ष 2023-24 भर्ती रैली रेवाड़ी में आयोजित हुई थी और सबसे महत्वपूर्ण ये है कि वर्ग अग्निवीर टेक्निकल के सभी 57 और अग्निवीर ट्रेड्समैन के सभी 18 उम्मीदवार जो मेडिकल पास हुए योग्यता सूची मैं चयनित हुए ।

### निजी स्कूल के शिक्षक पर तानी पिस्तोल

**लोहारू।** ढ़िगावा के नजदीक निजी स्कूल के अध्यापक के साथ कुछ युवकों ने झगड़ा कर उस पर पिस्तौल तानने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई तथा टीम के सदस्य ने बताया कि आरोपित युवकों के पास पिस्तौल भी बरामद हुआ। जबकि आरोपित युवक तीन से पांच बताए जा रहे हैं जिन्हें डिटेक्टिव थाना लोहारू की टीम साथ ले गई है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार एक निजी स्कूल में पढ़ाने वाला अध्यापक नवीन स्कूल से छुट्टी के बाद अपने घर जा रहा था। इस दौरान कथित रूप से कार व मोटरसाइकिल सवार कुछ युवकों ने उसे रास्ते में रुकवा लिया।

# मतदाता सूची को सही ढंग से अपडेट करें बीएलओ: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

एसडीएम एवं लोहारू विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि बीएलओ और सुपरवाइजर अपने-अपने बूथों की लोहारू की फोटोयुक्त मतदाता सूची को सही ढंग से तैयार करवाएं ताकि कोई नागरिक मतदान से वंचित न रहे। किसी को कोई भी संशय है तो उसको अभी से दूर करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ और सुपरवाइजर निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुरूप ही कार्य करें ताकि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में नियुक्त सभी अधिकारी व कर्मचारी मतदान करवाने के साथ अपने मत का भी प्रयोग करें, उसके निर्धारित फार्म का प्रयोग करना होगा। एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि चुनाव में नियुक्त अधिकारी या कर्मचारी मतदान वाले दिन 25 मई को अपने बूथ या मतदान केंद्र पर ड्यूटी दें, अन्यथा वह ड्यूटी में लापरवाही मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि 85 वर्ष से अधिक आयु व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के घर जाकर संपर्क करें, उनसे उनकी सेहत के बारे में पूछें, यदि वे मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने में असमर्थ हैं तो उनसे फार्म 12 डी भरवाकर लें।

# सफाई व्यवस्था को लेकर भड़के ग्रमीण

- ग्रामीणों की नाराजगी के बाद सफाई करने पहुंचे सफाईकर्मी

हरिभूमि न्यज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के वार्ड 13, 14, 15 में नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा सुध न लेने पर सफाई व्यवस्था का जनाजा निकला हुआ है जिसको लेकर गलियों की नालियां बंद हो गई और पानी नालियों से निकलकर मार्ग के मध्य जमा हो गया। जिससे ढ़ाणी के सरकारी स्कूल में बच्चों का आना जाना काफी दिक्कतों भरा रहा। वार्डवासियों में राजबीर सिंह, कपिल, बलबीर, रामनिवास, शकुंतला, भतेरी आदि ने बताया कि नपा द्वारा उनके वार्ड के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है। जिसके कारण उनके वार्ड में गंदगी का आलम छाया रहा है व बीमारी के होने का भय हरदम सताता है। कस्बावासियों की मानें तो कस्बा में हांसी चुंगी, पुर रोड़, शहीद गुलाब सिंह पार्क, रेलवे रोड़ के सामने, सामान्य अस्पताल के पास सार्वजनिक शौचालयों की हालत गंदगीनुमा है। इनकी सफाई न होने के कारण दूर दूर तक दुगंर्ध जाने से यहां से निकलना दुभर हो गया है। जिसको लेकर कस्बावासियों ने सफाई करवाने की बात कही। वहीं दूसरी और नपा सफाई दरोगा प्रदीप कुमार, ऋषि कुमार ने बताया कि समय समय पर सफाई व्यवस्था को अमलीजामा पहनाया जाता है। सूचना मिलते ही सफाई कर्मचारियों को भेजकर सफाई कराई गई व बंद गली व नालों को सुचारू रूप से शुरू करवाया गया।



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वार्ड 13, 14,15 में सफाई करते हुए सफाई कर्मचारी।

# 11 मई को होगा लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- दोनों पक्षों की आपसी सहमति से होगा मामलों का निपटारा

अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र समाधान के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 मई को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निपटारा करवाया जा सकता है। प्राधिकरण के सचिव सीजेएम सौरभ कुमार ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 मई को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट आदि वाद शामिल हैं।

## चक्षु स्नान आंखों के लिए लाभदायक



**बाढ़ड़ा।** बादल गांव के खेल मैदान में आर्यवीर दल के तत्वावधान में चल रहे व्यायाम प्रशिक्षण एवं चरित्र निर्माण शिविर के साथ-साथ सुबह के स्वास्थ्य जागरूकता सत्र में स्वामी सच्चिदानंद ने आज शिविरार्थियों को आंखों, गर्दन व जबड़े चेहरे आदि का व्यायाम करवाया। उन्होंने बताया कि यौगिक चिकित्सा दूर दृष्टि और निकट दृष्टि दोनों में लाभदायक है और स्वस्थ व्यक्ति के लिए भी आंखों के यौगिक अभ्यास बहुत उपयोगी हैं। इससे आंखों की मांसपेशियां सबल और लचीली बनी रहती हैं। उन्होंने बताया कि सुबह मुंह में पानी भरकर ठंडे जल से आंखों को खूब छीटे मारकर धोना चाहिए। इसके साथ ही बाल्टी में पानी भरकर चक्षु स्नान आंखों के लिए बहुत लाभदायक हैं। आर्यवीर दल जिला संचालक स्वामी सच्चिदानंद एवं मास्टर रविंद्र सांगवान, बिशन सिंह आर्य, सुरेंद्र आर्य चंदेनी ने सभी शिविरार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए 100 प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मास्टर सुनील तिवाला, व्यायाम शिक्षक राहुल आर्य, कैप्टन धर्मपाल, कप्तान सत्यवान, धर्मवीर सिंह, रामस्वरूप सिंह, उमेद सिंह, पूर्व सरपंच कपूर सिंह, बिजेंद्र सिंह डूडी, अजीत सिंह, मास्टर विजयपाल, चौकीदार नरेश, ओमवीर फौजी, सतवीर सिंह आदि उपस्थिति रहे।

## रक्तदान कर मरीज के जीवन के साथ परिजनों की बचाई जा सकती खुशियां: डॉ. रघुबीर

# नर्सिंग अधिकारी यशवंती की सेवानिवृत्ति पर किया रक्तदान

- प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान मुहिम में बढ़-चढकर लेना चाहिए भाग: डुडेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अक्सर देखने में आता है कि कर्मचारी सेवानिवृत्त होता है तो वह दिखावे के चक्कर में हजारों रुपये पार्टी पर खर्च कर देता है, लेकिन नसिंर्ग अधिकारी यशवंती की सेवानिवृत्ति पर टीम भेरा ने रक्तदान शिविर लगाकर अन्य कर्मचारियों के लिए अनूठी मिसाल पेश की हैं। चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित शिविर में बतौर मुख्यतिथि सीएमओ डॉ. रघुबीर शांडिल्य एवं विशिष्ट अतिथि शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने शिरकत की। शिविर में 21 लोगों ने रक्तदान किया, जिन्हें अतिथियों ने बैज लगाकर सम्मानित किया। शिविर के आयोजन में सुरेंद्र तिगाला ब्लॉक आशा कोर्डिनेटर मानहेरू व भूपेंद्र ग्रेवाल डाटा एंट्री ऑपरेटर का सराहनीय योगदान रहा। रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते सीएमओ डॉ. रघुबीर एवं शतकवीर रक्तदाता डुडेजा ने कहा कि सेवानिवृत्ति पर यशवंती अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनी है। प्रत्येक कर्मचारी को अपनी सेवानिवृत्ति पर समाज के लिए कुछ अच्छा करने का प्रयास करना चाहिए। यशवंती ने कहा कि उन्हें रक्तदान की महत्ता भली-भांति पता है, क्योंकि अपने सेवाकाल के दौरान बहुत से लोगों को रक्त के अभाव में दम तोड़ते देखा है, इसीलिए उन्होंने हमेशा रक्तदान के प्रति लोगों को प्रेरित किया है।



**भिवानी।** नसिंर्ग अधिकारी यशवंती की सेवानिवृत्ति पर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को सम्मानित करते सीएमओ डॉ. रघुबीर शांडिल्य व अन्य।

#### नर्सिंग अधिकारी को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित

ईशवंती ने 35 वर्षो के कार्यकाल में रक्तदान की दिशा में सराहनीय किए। उन्होंने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि रक्त के अभाव में बहुत से जरूरतमंद अपनी जान तक गवां देते है। रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत से जूझ रहे ऐसे जरूरतमंदों का जीवन बचाने का एकमात्र उपाय सिर्फ रक्तदान है। ईशवंती ने करीबन 35 वर्षो के कार्यकाल में सैंकड़ों बार रक्तदान शिविर लगवाएं, बल्कि अनेक को जागरूक भी किया। ईशवंती को देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर सुरेश सैनी, डॉ. रमेश लांबा, पवन सैनी, सुभाष देवी, सुमन देवी, गुंजन, राजेश, सुरेंद्र राहड़ मौजूद रहे।

#### ये रहे मौजूद

ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. मोनिका सांगवान ने बताया कि यशवंती की सेवाएं हमेशा अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगी। इस अवसर पर नसिंर्ग अधिकारी सुभाष देवी, स्टाफ नर्स सुमन, गुजन, लेब टेक्नीशियन राजेश, मन दहिया, दीपेश, अनुज नैन, सचिन नैन, मोनू सहारण, शर्मिला व सुमित आदि मौजूद रहे।

Regd. 01718
S.D. ACADEMY CHARKHI DADRI
Sainik School Result in 1st Counseling

SURYA
S.S.K. 247 (S.C.)

AKSHITA
DPS 231 (Gen.)
Wait for next counseling
Director
Ashok Sir
(M.Sc., B.Ed.)
Address :
NH339B, Opp. H.P. Petrol Pump, Kheri Bura, Charkhi Dadri
Contact: 9772323434, 9211247324

## खबर संक्षेप

### नकल रहित परीक्षाओं में सबका सहयोग अपेक्षित

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि पूर्ण पारदर्शी एवं नकल रहित परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए पूर्णतया कृत संकल्पित है, ये विचार कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने विद्यार्थियों के लिए अपने संदेश में प्रेस को जारी बयान में कहे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी कड़ी मेहनत से परीक्षा की तैयारी कर ईमानदारी और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। विद्यार्थी किसी प्रकार की नकल करने से बचें, क्योंकि नकल विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय बनाती है।

### डॉ. भूपेंद्र को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित

**बाढ़ड़ा।** चांदवास के डॉ. भूपेंद्र शर्मा को शक्ति फिल्म प्रोडक्शन जयपुर ने आयुर्वेद शिक्षा व



चिकित्सा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। डॉ. भूपेंद्र आमजन को आयुर्वेद शिक्षा व चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक कर रहे हैं। डॉ. भूपेंद्र को कोविड आपदा में सराहनीय कार्यों के लिए भी सम्मानित किया जा चुका है।

## अणुव्रत समिति ने केएम स्कूल में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# पेंटिंग प्रतियोगिता में ग्रुप-1 से प्रिया व ग्रुप-2 में पलक प्रथम

राज्य स्तरीय अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट का आयोजन जिला कार्यालय हिसार में किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अणुव्रत्त समिति द्वारा राज्य स्तरीय अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट का आयोजन जिला कार्यालय हिसार में किया, जिसमें केएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने स्कूल व जिला स्तर के पश्चात राज्य स्तरीय कॉन्टेस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ग्रुप-2 से समूह गायन में अंजलि, धान्या, प्राची, शिवानी व पायल प्रथम, पेंटिंग में ग्रुप-1 से प्रिया प्रथम तथा ग्रुप-2 में पलक प्रथम, भाषण प्रतियोगिता में ग्रुप-1 में दृष्टि प्रथम स्थान पर रही। वहीं ग्रुप-2 में नैंसी प्रथम, कविता पाठ में ग्रुप-1 में





**भिवानी।** अणुव्रत समिति व केएम प्रबंध समिति के साथ विजेता विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

तुषार प्रथम तथा ग्रुप-2 में प्राची प्रथम तथा निबंध लेखन में ग्रुप-1 से युनिष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, प्रबंधक आनंद बासिया, ट्रस्टी मयंक मोडा, समिति सदस्य जितेन्द्र गोयल, प्राचार्या रेनु सैनी, उपप्राचार्या नीलम गौतम, अमिता शर्मा,सुनील शर्मा, अणुव्रत समिति सचिव बृजेश आचार्य तथा संयोजक रमेश बंसल ने प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को राज्य स्तर उपलब्धि हासिल करने पर स्मृति चिह्न तथा अंतर्विद्यालय, अंतर्जिला व अंतर्राज्यीय स्तर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्कूल व जिलास्तर पर निबंध लेखन व एकल गायन में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सिमरन व अंजलि को भी प्रशस्ति सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सिंघानिया ने कहा कि स्कूल के विद्यार्थी न केवल राज्यस्तर, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहरा चुके हैं। विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल शिक्षकों बल्कि विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है।

### इन्होंने दी बधाई

विद्यार्थियों का मार्गदर्शन शिक्षिका उमंग गर्ग, सुनीता आर्य, आशीष ठाकुर, समृद्धि शर्मा, चंद्रप्रकाश, मनीष शर्मा, किरण, राजबाला व आरती शर्मा ने किया। विद्यालय प्रबंधन सचिव राजेश मोडा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

## नृत्य प्रतियोगिता में हेजल गीतिका व जाहन्वी प्रथम

- सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मनाया अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोमवार को वैश्य इंटरनेशनल विद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य करतार सिंह जाखड़ ने किया, जो विद्यालय के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने मां सरस्वती के सामने फूलमाला अर्पित कर सभी का स्वागत कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। नृत्य दिवस पर विद्यार्थियों ने अपने रंग बिरंगे परिधानों से अपनी छठा बिखेरी। बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे हरियाणवी, राजस्थानी, पंजाबी, हिंदी व पाश्चात्य संस्कृति को दर्शाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के तीन समूह विभाजित किए, जिसमें कक्षा पहली से तीसरी में हेजल, नंदनी, जयेश व सानवी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरा वर्ग जिसमें कक्षा चौथी से छटी में गीतिका, देविना, जयंत व तितिक्षा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान जीता। तीसरे वर्ग में कक्षा सातवी से नौवीं में जाहन्वी, चार्वी व उद्धव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान जीता। अंत में प्राचार्य ने शिक्षकों व बच्चों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया। प्राचार्य ने बच्चों को पढाई के साथ साथ सह शैक्षणिक, गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक व मानसिक गतिविधियों में बढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

## कोड शेफ प्रतियोगिता में बीसीए द्वितीय वर्ष की जागृति प्रथम

- राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय के कोड शेफ प्रतियोगिता का आयोजन

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर त्रिलोकचंद के निर्देशन एवं डॉ. रेनूबाला, प्रोफेसर प्रीति एवं प्रोफेसर तमन्ना के मार्गदर्शन में कोड शेफ प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को अलग-अलग विषय पर कंप्यूटर प्रोग्राम डिजाइन करने को दिए। प्रतियोगिता में बीसीए द्वितीय वर्ष की जागृति रानी ने प्रथम, ऋषिता ने द्वितीय एवं मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य त्रिलोकचंद ने पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर नविता, प्रोफेसर दीपक, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. मधु एवं प्रोफेसर शालू ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में प्रतियोगिताओं में भाग लेने को प्रेरित किया।

## शराब घोटाला व जहरीली शराब से 50 व्यक्तियों की मौत मामले में सौंपा ज्ञापन

- उच्चाधिकारियों को रजिस्टर्ड डाक से भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

अधिवक्ता संजीव तक्षक के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सोमवार को 9500 करोड़ के शराब घोटाला व जहरीली शराब से 50 व्यक्तियों की मृत्यु के मामले में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। एक कॉपी प्रदेश के उच्चाधिकारियों को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजकर एसआईटी की रिपोर्ट पर कार्यवाही करने की मांग की है, क्योंकि घोटाला कई राज्यों में फैला है और राजनीतिक लोग और बडे अधिकारी घोटाले के सूत्रधार है इसलिए सी.बी.आई. और ई.डी. ही मामले की जांच करने में सक्षम है।

अधिवक्ता संजीव तक्षक ने कहा कि कोरोनाकाल के दौरान सोनीपत में जहरीली शराब पीने से करीब 50 लोग मृत्यु के ग्रासकाल में समा गए थे, जिसके लिए शराब माफिया, आबकारी विभाग, पुलिस विभाग की मिलीभगत जिम्मेवार थी। जहरीली शराब पीने से हुई 50 मौतों को लेकर एसआईटी की टीम गठित हुई '। जिसने मुख्य रूप से खुलासे किए थे कि शराब घोटाले में शराब माफिया, आबकारी विभाग, पुलिस विभाग व सरकार के बड़े पदों पर बैठे अधिकारी व नेता एसआईटी की जांच में दोषी पाए गए और शराब कारोबार में अपराधियों का वर्चस्व है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट में ये भी सामने आया है कि बिहार, उत्तर प्रदेश, गुजरात में भी हरियाणा राज्य से अवैध शराब की सप्लाई बड़ी मात्रा में होती है।



**चरखी दादरी।** उपायुक्त को ज्ञापन देते अधिवक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### न्यायालय में विचाराधीन मामले की 23 मई को होगी सुनवाई

अधिवक्ता संजीव ने बताया कि मामले में दादरी के अधिवक्ताओं ने वर्ष 2020 में एक शिकायत की थी, जिसकी बदौलत अधिवक्ता प्रदीप रापड़िया की अगुवाई में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर सम्बन्धी विभाग व अधिकारियों के खिलाफ जांच व कार्यवाही की मांग भी की थी, जो न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 23 मई को होगी। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रदीप कालीरावण, प्रशांत गहलवात, विकास कमोद, शीतल साहू, रविंद्र लीलू, प्रवीन तक्षक आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## वैश्य महाविद्यालय बना ओवरऑल चैंपियन

- अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें विद्यार्थी :गोदारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व निदेशक उच्चत्तर शिक्षा हरियाणा के संयुक्त निर्देशन में वैश्य महाविद्यालय भिवानी की कानूनी साक्षरता सेल द्वारा प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के नेतृत्व एवं प्रकोष्ठ के संजोजक रत्न सिंह के मार्गदशन में जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमे वैश्य महाविद्यालय रहा ओवर ऑल चैंपियन।

इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि दलबीर सिंह गोदारा,प्राचार्य राजकीय शिक्षण महाविद्यालय भिवानी एवं जिला उच्चत्तर शिक्षा अधिकारी भिवानी ने प्रतिभागियो को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को आयोजित करने का मुख्य मकसद है विद्यार्थियों को कानून व अधिकारों के बारे में जागरूक करना। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए सभी





**भिवानी।** आयोजित प्रतियोगिता में स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए।

महाविद्यालयों में कानूनी साक्षरता सैल का गठन किया गया है। इस अवसर पर वैश्य महाविद्यालय प्रबंधकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. पवन कुमार बुवानीवाला ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी प्रतिभागी अपने.अपने महाविद्यालय के विशेष विद्यार्थी है जो इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने महाविद्यालयों का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि आप पढ़ाई के साथ. साथ जो इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग ले रहे हो यह एक बहुत बड़ा राष्ट्र निर्माण का काम है। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वयं जागरूक होकर समाज के अन्य लोगों को जागरूक करने का कार्य आयोजन सचिव डॉ. अनिल तंवर ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी तथा आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया। महाविद्यालय की कानूनी साक्षरता सेल की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में निबन्ध लेखन, कविता पाठ, भाषण, स्लोगन लेखन, चित्रकला, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म, वाद विवाद, क्विज और लघु नाटिका प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डॉ रीना ने कुसलतापूर्वक मंच का संचालन किया । भाषण में वंशिका गौर आदर्श महिला महाविद्यालय महाविद्यालय ने प्रथम, हिमांशु राजकीय कॉलेज भिवानी ने द्वितीय तथा शुरभि शर्मा वैश्य महाविद्यालय ने तृतीय। कविता पाठ में रिषित वैश्य महाविद्यालय ने प्रथम, संगीता आदर्श महिला कॉलेज ने द्वितीय,निकीता राजकीय कॉलेज भिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लेखन में संगीता आदर्श महिला महाविद्यालय,सुहानी किरोड़ी मल महाविद्यालय और प्रियंका राजीव गांधी महाविद्यालय ने क्रमश : प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में स्नेह आदर्श महिला कॉलेज ने प्रथम,मनीषा राजकीय कॉलेज भिवानी ने द्वितीय तथा पवन कुमार राजकीय कॉलेज सिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में खुशी वैश्य कॉलेज ने प्रथम, आरजु राजकीय कॉलेज लोहारू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## नायब तहसीलदार ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**बहल।** लोहारू के एसडीएम व लोहारू विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार के निर्देश पर नायब तहसीलदार गौरव ने सोमवार को बिधनोई के मतदान केंद्र 120 और चैहड़ कला के 160 का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ पर जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बूथ से संबंधित बीएलओ को मतदान केंद्रों पर बिजली, पेयजल और शौचालय जैसी जरूरी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों पर चुनिंदा जरूरी सुविधाएं होनी जरूरी है। इसमें पर्याप्त प्रकाश के लिए बिजली, पीने का पानी, शौचालय का प्रबंध होना चाहिए। इसी प्रकार से दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए रैंप का होना जरूरी है। उन्होंने बिधनोई तथा चैहड़ कला गांव में अनुसूचित जाति की चौपाल में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर बिजली व शौचालय की व्यवस्था को चैक किया और मौके पर मौजूद बीएलओ को जरूरी निर्देश दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## मिशन बुनियाद के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**चरखी दादरी।** एचडी स्कूल बिरोहड के संस्कार सभागार में हरियाणा सरकार व शिक्षा विभाग के आदेशानुसार बहुआयामी कार्यक्रम मिशन बुनियाद के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

निदेशक बलराज फौगाट व प्रचार्या नमिता दास ने जिलाभर से आए विद्यार्थियों और सहयोगी स्टाफ का अभिनंदन किया। स्कूल की ओर से छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बीईओ मातनहेल डॉ. विजय बाला ने बताया कि एचडी स्कूल में मिशन बुनियाद के तहत तृतीय स्तर की परीक्षा आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम अपने नाम के अनुसार सच में शिक्षा की बुनियाद को मजबूत करने का काम करता है। कार्यक्रम के संयोजक जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का तीसरा चरण है, जिसमें झज्जर जिले से सभी सरकारी विद्यालयों से आए विद्यार्थियों की परीक्षा ली। कार्यक्रम के तहत सरकारी विद्यालयों के मेधावी छात्र जो 8वीं कक्षा पास कर चुके हैं या 8वीं में पढ़ते हैं, परीक्षा दे सकते हैं। और वे बच्चे मिशन बुनियाद में पढ़ते हैं। बुनियाद के बाद ये बच्चे सुपर 100 में पढ़ते हैं और आज तक 400 में से 182 बच्चे आईआईटी, ऐम्स व अन्य सरकारी कॉलेजों में पढ़ रहे हैं।



**चरखी दादरी।** कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

## शहर को साफ-सुथरा बनाने को सबको देना होगा सहयोगः बक्शीराम

# घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कूड़े को नप वाहनों में ही डालें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

अगर हमें अपने शहर व क्षेत्र को पूरी तरह से साफ सुथरा रखना है तो प्रत्येक नागरिक को जिम्मेदारी उठानी होगी। नगर परिषद अपने स्तर पर हर एक प्रयास इस दिशा में कर रही है, साथ में शहर के हर एक जागरूक व्यक्ति को आगे आकर अपना सहयोग देना होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त काम करने की जरूरत नहीं बल्कि केवल इतना ही करना है कि अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों व अन्य जगहों से निकलने वाले कूड़े कर्कट का निस्तारण नप द्वारा चलाए जा रहे कूड़ा कर्कट उठाने वाले वाहनों में ही करें। ये आह्वान नगर परिषद चेयरमैन बख्शीराम सैनी ने नगर के नागरिकों से किया। सैनी ने सोमवार कूड़ा कर्कट में नप की सहयोगी संस्था श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सदस्यों ने वार्ड नंबर 7 पुरानी अनाजमंडी में चलाए जागरूकता अभियान में शिरकत की। उन्होंने व सहयोगी संस्था के सभी सदस्यों ने लोगों से आग्रह किया कि कुछ लोग क्षेत्र के एक स्थान को कूड़ेदान की तरह इस्तेमाल कर रहे है, ऐसा न करें व कचरे को कचरा वाहन में डालें और अपने शहर में सुंदर बनाने में अपना पूर्ण सहयोग करें।





**चरखी दादरी।** स्वच्छता को लिए चलाए गए जागरूकता अभियान में बक्शीराम सैनी व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### कचरे को इधर-उधर न फेंके

चेयरमैन बक्शीराम ने सभी लोगो को समझाते हुए कहा कि कचरे को इधर-उधर नहीं फैंकने चाहिए। कूड़े कचरे को नप की कचरे वाली गाड़ी में सूखे व गीले को अलग-अलग डाले और घर में भी अलग-अलग रखें। उन्होंने साफ सफाई रखने का संदेश दिया। श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड सुपरवाइजर नवदीप, विक्रम, योगेश, गीता व उर्मिला ने बताया कि कचरे से संबंधित हर समस्या का टोल फ्री नम्बर पर संपर्क कर सहायता ली जा सकती है।